तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज नारायणराम बनाम श्रीमती ककुबाई वगैरा धारा 86 प्रकरण सख्या 27/2022	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
3/1/2023	पत्रावली पेश हुई। पत्रावली मे अधिवक्तो की बहस सुनी गई इस न्यायालय द्वारा अपील सख्या 19/2012 श्रीमती ककुबाई बनाम नारायणराम वगैरा मे पारित निर्णय दिनांक 05.01.2022 को रेव्यू करने के लिए यह प्रार्थना पत्र प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत किया गया है। अप्रार्थी ककुबाई की ओर से यह बताया गया कि इस न्यायालय द्वारा दिनॉक 05.01.2022 को जो निर्णय पारित किया गया उसके विरूद्व मे नारायणराम ने एक अपील न्यायालय अतिरिक्त डिविजनल कमिश्नर जोधपुर मे प्रस्तुत की जो अपील संख्या 71/2022 नारायणराम बनाम ककूबाई न्यायालय अतिरिक्त डिविजनल कमिश्नर जोधपूर द्वारा दिनाक 28.11.2022 को खारिज कर दी गई तथा इस न्यायालय के निर्णय दिनांक 05.01.2022 की पुष्ट्रि कर दी गई। इस प्रकार इस न्यायालय द्वारा जो निर्णय पारित किया गया उसकी पुष्टि अपीलीय न्यायालय द्वारा की जा चुकी है एव इस न्यायालय का निर्णय अपीलीय न्यायालय के निर्णय मे मर्ज हो चुका है ऐसी स्थिति मे प्रार्थी का यह रिव्यू प्रार्थना पत्र किसी भी तरह से मेन्टेनेबल नही होने के कारण खारिज किया जाता है पत्रावली फैशल शुमार होकर दफ्तर दाखिल हो। सहायक कलक्टर एव उपखण्ड अधिकारी, लूणी	

Scanned by CamScanner